51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.3°c | अधिकतम 39.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:20, सूर्यास्त : 7:22 | वर्ष : 51/ अंक : 172 | शुक्रवार, 23 जून 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मन एक ऐसी जमीन है,
जहां आप जैसी मानसिकता
का बीज बोएंगे फल भी
वैसा ही प्राप्त होगा।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

एकजुटता दर्शाने से पहले नीयत में सुधार करें विपक्षी दल : मायावती



जब नीयत में हो खोट... नहीं मिलेंगे वोट.......

# सांसों को जकड़ रही उमस, बेहाल जिंदगी

## फेफड़े और श्वांस प्रक्रिया हो रही प्रभावित ▪ वायरल, उल्टी दस्त, टाइफाइड और दूसरे मौसम जन्य रोग बढ़े

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** मौसम की मनमानी सेहत पर भारी पड़ रही है। हालात यह है कि दिन हो या रात उमस भरी गर्मी से जनमानस बेहाल है। यूं तो हर आयु वर्ग के लोग इससे प्रभावित हैं, लेकिन खासतौर से बुजुर्गों और बच्चों को मौसमी बीमारियां तेजी से जकड़ रही हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरह जिले में हीट वेव की स्थिति तो नहीं आई, लेकिन मौसम में गर्मी के साथ आर्द्रता बने रहने से दमघोंटू वातावरण सांसों में अवरोध पैदा कर रहा है। इसके साथ ही वायरल, उल्टी-दस्त तथा दूसरी मौसमी बीमारियों से पीड़ित लोगों की कतार जिला अस्पताल तथा निजी क्लीनिकों व चिकित्सकों के पास लगी है।

इस बार मौसम ने अजीब नजारा दिखा है। मई में काफी ठंडे मौसम के बाद आई गर्मी की लहर में कुछ ही दिन लू का अहसास हुआ। इसके बाद विभिन्न कारणों से तापमान में तो गिरावट आई, लेकिन विगत एक सप्ताह से अधिक समय से मौसम में लगातार बढ़ रही आर्द्रता और गर्मी का मिश्रण सेहत पर भारी पड़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि यह मौसम कई मायनों में सेहत को प्रभावित कर रहा है। बदलते मौसम के कारण इलाके में डायरिया के बाद अब बुखार और खांसी सर्दी के अलावा टायफायड बुखार ने पांव पसार लिया है । जिला अस्पताल में सर्दी, बुखार और बदन दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या एकाएक बढ़ गई है। आलम यह है कि अस्पताल वायरल पीड़ितों से खचाखच भरा गया है। नजला, जुकाम, खांसी, गला खराब और वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मौसमी बीमारियों की वजह यह है कि मौसम में उमस से शरीर पर पसीना आता है। इसमें ठंडा पानी या बर्फ का सेवन करने से बचना चाहिए। ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करने से गला खराब होने, नजला, जुकाम, खांसी होने के साथ वायरल बुखार होने की आशंका रहती है। इसमें छींक आना, नाक बंद होना, या नाक बहना गले में खराश होना आदि लक्षण होते है। गर्मी में हीट-स्ट्रोक होने की संभावना अधिक रहती है। इस दौरान शरीर का तापमान बहुत ज्यादा होता है। त्वचा रूखी और गर्म होने के साथ शरीर में पानी की कमी, कन्फ्यूजन, तेज या कमजोर नब्ज, छोटी-धीमी सांस, बेहोशी तक आ जाने की नौबत आ जाती है।

### बीमारी से बचना है तो करें ये...

**चिकित्सकों का कहना है कि वर्तमान समय में मौसम में बदलाव के कारण रोगियों की संख्या बढ़ी है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए खान-पान में सावधानी बरतनी चाहिए। इसमें बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल हैं। अत्यधिक जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलें। छाता का प्रयोग करें। हमेशा पूरे शरीर को ढकने वाला कपड़ा पहनें। बाहरी दूषित खान-पान से परहेज करें। पानी अधिक पीएं। बासी खाना नहीं खाएं। होटल व रेस्टोरेंट के खाने से बचें। इस प्रकार अन्य सावधानी बरत कर हम गर्मी मे होने वाले आम बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। चाय-काफी, कैफिन युक्त पदार्थ, रिफाइंड व प्रोसेस्ड फूड अधिक तेल मसाला व गर्म तासीर वाले भोजन से दूरी बनाये रखना जरूरी है। उमस भरी गर्मी के दिनों में लोगों को अधिक से अधिक तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिये। हरी पत्तीदार सब्जी का सेवन भी बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है। ताकि शरीर में पानी की कमी नही हो सके। ढीले-ढाले और हल्के रंग के कपड़े पहने। किसी प्रकार की शारीरिक समस्या होने पर निकट के सरकारी अस्पताल में संपर्क करें। बच्चों को दस्त होने पर ओआरएस का घोल देना अनिवार्य है। साथ ही 14 दिनों तक लगातार जिंक का टेबलेट देने से भविष्य में भी दस्त की आशंका कम हो जाती है। दोनों दवाएं प्रचुर मात्रा में जिले के अस्पतालों में उपलब्ध हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूल पर विजिट करने वाली राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के पास भी ओआरएस व जिंक के टेबलेट उपलब्ध हैं ।**

### सांस की समस्या बढ़ी



**जिले में लू की स्थिति नहीं है, लेकिन हवाओं में गर्मी के साथ नमी का मिश्रण उमस पैदा कर रहा है। इससे श्वंसन तंत्र प्रभावित होता है। ऐसे में सांस की परेशानी, स्किन और एलर्जी की समस्या बढ़ती है। इस मौसम में वायरस और बैक्टीरिया पनपने की स्थिति बढ़ती है। संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ता है।**

▸ डॉ. एम.एस. फौजदार, सीएमओ



**यह मौसम पुरानी सांस की बीमारी वालों के साथ प्रदूषण से प्रभावित लोगों के लिए भी समस्या पैदा कर रहा है। फेफड़ों का इन्फेक्शन इस मौसम में बढ़ सकता है। इन्फेक्शन पनपने से वायरल, टाइफाइड, पेट की समस्या, लूज मोशन जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीज आ रहे हैं। बच्चों में इसकी समस्या बढ़ रही है।**

▸ डॉ. एम.के. बंसल, प्रमुख फिजीशियन

### गर्मी में नजला व खांसी

**गर्म मौसम से एसी या कूलर में जाने के बाद अचानक हवा लगने से ठंडे पसीने के बाद बार-बार छींक आना। नाक बहना या बंद होना। खांसी होना। गले में खराश होना। गले व सीने में जकड़न होना।**

### ऐसे किया जा सकता है बचाव

**पानी ज्यादा पीए। तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करें। बर्फ व ठंडी चीजों का सेवन न करें। बाहर धूप से आने के कुछ देर बाद पानी पीये। धूप से बचने के लिए सिर पर कपड़ा या कैप रखें। मौसमी फलों का सेवन करें। हल्का व सुपाच्य भोजन लें। चिकित्सक की सलाह से दवा लें।**

# हाजी लालू को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

## पारस जैन ने की चेयरमैन को बर्खास्त करने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** खतौली नगर पालिका अध्यक्ष शाहनवाज अली उर्फ लालू को प्रशासन द्वारा उनका जाति प्रमाणपत्र निरस्त किए जाने के मामले में हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने प्रशासन के आदेश पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

पूर्व चेयरमैन पारस जैन ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने खतौली के चेयरमैन हाजी लालू की वह याचिका खारिज कर दी है, जो उन्होंने प्रशासन के आदेश के बाद इसे चुनौती देते हुए दायर की थी। विगत दिनों खतौली नगर पालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन शाहनवाज अली उर्फ लालू का जाति प्रमाणपत्र निरस्त किए जाने के बाद उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पूर्व चेयरमैन पारस जैन की शिकायत पर कराई गई जांच के बाद जिला प्रशासन के आदेश पर तहसीलदार ने उनका ओबीसी जाति का प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया था। इसके बाद राजस्व लेखपाल ने शाहनवाज उर्फ लालू के खिलाफ सामान्य जाति से होने के बावजूद धोखाधड़ी कर कलाल जाति का प्रमाण पत्र बनवाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। ज्ञात रहे कि खतौली नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद सीट को शासन ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया था। पालिका चेयरमैन पद पर सपा-रालोद गठबंधन उम्मीदवार हाजी शाहनवाज उर्फ लालू ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद कृष्णपाल पुत्र पूरन सिंह निवासी दुगापुर्री खतौली ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि शाहनवाज उर्फ लालू ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा



कर आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ा। चेयरमैन पद के प्रत्याशी रहे कृष्णपाल की शिकायत व भाजपा नेता पारस जैन की पैरवी के बाद डीएम के आदेश पर गठित तीन सदस्यीय कमेटी ने जांच के बाद हाजी शाहनवाज उर्फ लालू का कलाल जाति का बनवाया गया ओबीसी प्रमाण पत्र निरस्त करने की संस्तुति की थी। जिसके बाद प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया था। राजस्व लेखपाल विपिन कुमार ने खतौली चेयरमैन हाजी शाहनवाज उर्फ लालू के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि हाजी शाहनवाज उर्फ लालू ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर कलाल जाति का ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाया था। तर्क दिया कि उनके पिता सज्जाद अली ने 1961 में कराए गए बैनामे में अपनी जाति शेख बताई थी। इसके साथ ही चेयरमैन के पुत्र और पुत्री के विद्यालय रिकॉर्ड में भी ओबीसी जाति अंकित नहीं है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बीच इस मामले में राहत पाने के लिए हाईकोर्ट गए हाजी लालू को वहां से कोई राहत नहीं मिल पाई है। जाति प्रमाणपत्र निरस्त होने के बाद पारस जैन ने हाजी लालू को बर्खास्त करने की मांग की है।







# हाईड्रा से कुचलकर साइकिल सवार श्रमिक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र में हाईड्रा से कुचलकर साइकिल सवार श्रमिक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव मखियाली निवासी 42 वर्षीय मासूम अली पुत्र यामीन भोपा रोड पर स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया गया कि आज वह ड्यूटी से साइकिल पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था। भोपा रोड पर तेज रफ्तार से आए हाइड्रा ने उसे चपेट में ले लिया। हाइड्रा के नीचे कुचले जाने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हाइड्रा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उधर जानकारी पाकर मौके पर पहुचे मृतक के परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया।

## तिहाड़ में पकड़े गए मोबाइल और सिम, जेल प्रशासन को डराने के लिए भिड़े कैदी, 21 घायल

**दिल्ली, 22 जून (एजेंसी)।** तिहाड़ जेल में तलाशी अभियान के दौरान मोबाइल, चार्जर और सिम मिलने पर कार्रवाई के डर से कैदी भड़क गए। इसके बाद कैदियों ने एक-दूसरे पर हमला बोलने के साथ ही खुद को भी चोट पहुंचाई। मारपीट के दौरान करीब 21 कैदी घायल हो गए, जिनमें से 17 कैदियों को जेल के अस्पताल और चार को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, तिहाड़ की जेल संख्या-आठ में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने की सूचना पर बुधवार शाम 5 .20 बजे के करीब तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जेल प्रशासन को एक की-पैड मोबाइल फोन बरामद हुआ। इसके कुछ देर बाद जेल के सीसीटीवी कंट्रोल रूम में कैदियों की संदिग्ध गतिविधि देखी। इसके बाद फिर तलाशी ली गई तो सिम कार्ड और मोबाइल चार्जर बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान एक और कैदी ने की-पैड मोबाइल फोन रखने की बात स्वीकार की। उस छिपे फोन की बरामदगी के दौरान जेल कर्मियों के बैरक में पहुंचने पर अन्य कैदियों ने उसे मोबाइल फोन उन्हें न सौंपने के लिए कहा। इसके साथ ही कैदियों ने जेल के कर्मचारियों के साथ भी अभद्रता की। इस बीच कैदियों ने जेल प्रशासन को डराने के लिए खुद को चोट पहुंचाने लगे। जिसमें करीब 21 कैदी घायल हो गए हैं। घायल कैदियों का उपचार चल रहा है।

## एमपी एमएलए कोर्ट में चलेगा बृजभूषण शरण सिंह केस, 27 जून को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण के खिलाफ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आज सुनवाई हुई। कोर्ट के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने यौन उत्पीड़न का मामला एमपी एमएलए मामलों की सुनवाई करने वाली एसीएमएम की अदालत को सौंपा। अब इस मामले में यह मामला 27 जून को सुनवाई होगी। एसीएमएम ने मामले में अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाले पहलवानों द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने इस मामले पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। अर्जी पर सुनवाई के लिए पहले से ही 27 जून की तारीख तय है। कुछ दिन पहले ही दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 1000 पन्नों का चार्जशीट पेश की थी। पहलवानों द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में जांच पूरी होने के बाद दिल्ली पुलिस ने धारा 354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 354ए (अश्लील टिप्पणी करना), 354डी के तहत अपराधों के लिए आरोप पत्र दाखिल किया। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने बताया था कि हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धारा 354, 354-अ एवं ऊ के अंतर्गत चार्जशीट दाखिल की गई और विनोद तोमर के खिलाफ धारा 109, 354, 354 (अ), 506 के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। इसके अलावा, हमने POCSO में शिकायतकर्ता और कथित आरोपी के बयान के तहत कैंसिलेशन रिपोर्ट दाखिल की है।









## सभी चाहते हैं आसान तलाक पर कानून

**नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसी)।** हिंदू हों या मुसलमान, हर धार्मिक समुदाय के लोग देश के जटिल तलाक कानूनों से मुक्ति चाहते हैं। सभी धर्मों के लोगों का मानना है कि देश में तलाक लेने की प्रक्रिया बहुत जटिल है। यदि एक पक्ष न चाहे तो दूसरे पक्ष के लिए तलाक लेना लगभग असंभव सा हो जाता है। ऐसी स्थिति में लोगों को लंबे समय तक के लिए अदालतों के चक्कर काटने पड़ते हैं। कई बार इन परिस्थितियों में ज्यादा खतरनाक परिणाम सामने आते हैं जहां पति या पत्नी अपने जीवन साथी से छुटकारा पाने के लिए गैर-कानूनी रास्ते भी अपना लेते हैं। संभवतः इन्हीं परिस्थितियों का परिणाम है कि पुरुष और महिला, समान रूप से चाहते हैं कि देश के लिए बनाई जाने वाली समान नागरिक संहिता में पति-पत्नी के लिए तलाक लेने के लिए एक समान अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। कमेटी को भारी संख्या में इस तरह के सुझाव मिले हैं जहां लोग तलाक कानूनी प्रक्रिया को आसान बनाने की मांग कर रहे हैं।

## मायावती को जल्द चुनाव की आशंका!

**नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाद अब उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने भी यही आशंका जताई है कि लोकसभा के चुनाव तय वक्त से पहले हो सकते हैं। मायावती ने इस बात का जिक्र अपने पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ हुई एक बड़ी बैठक में खुलकर किया। यही नहीं बसपा ने जल्द होने वाले चुनावों की आशंकाओं के चलते अपने सबसे बड़े सियासी अभियान का समय तक बदल दिया। और तो और पार्टी ने अगस्त के आखिरी सप्ताह तक बनाई जाने वाली बूथ कमेटियों की अंतिम तारीख भी जुलाई कर दी है। बीते कुछ समय से सियासी गलियारों में चर्चा इसी बात की हो रही है कि लोकसभा के चुनाव तय वक्त से पहले हो जाएंगे। इसी के मद्देनजर ज्यादातर विपक्षी पार्टियों ने अपनी सियासी धार और तेज करनी शुरू कर दी है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने बुधवार को हुई अपने बड़े नेताओं की बैठक में खुलकर कहा कि आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए हमें ज्यादा मजबूत और अलर्ट रहना होगा। मायावती ने इस बैठक के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि उनको मिल रही जानकारी के मुताबिक लोकसभा के चुनाव वक्त से पहले हो सकते हैं।

## एंटी रोमियो दल का इश्कबाज सिपाही फंसा

**मुरादाबाद, 22 जून (एजेंसी)।** मुरादाबाद के नागफनी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने एंटी रोमियो स्क्वॉड (दल) के सिपाही पर मारपीट करने और बेटी को प्रेम जाल में फंसाने का आरोप लगाया है। महिला ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। आरोप है कि सिपाही ने महिला के 13 वर्षीय बेटे के माथे पर पिस्टल मारकर घायल किया है। शिकायत करने वाली महिला और उसका पति सिविल लाइन्स क्षेत्र में खाने का ठेला लगाता है। महिला ने बताया कि मुजफ्फरनगर जनपद निवासी एक सिपाही मुरादाबाद में एंटी रोमियो स्क्वॉड में तैनात है। किराये के मकान में रहता है। ड्यूटी के दौरान सिपाही अक्सर खाना खाने के लिए ठेले पर आता था। उसकी बेटी से बातचीत करने लगा। आरोप है कि कुछ दिन पहले बेटी का माता-पिता से विवाद हो गया था। इसके बाद वह बुआ के घर चली गई थी। उसी घर में सिपाही भी किराये पर कमरा लेकर रहता था। देर रात तक जब बेटी घर वापस नहीं आई तो उसका 13 वर्षीय भाई उसे खोजते हुए बुआ के घर पहुंच गया। उसने जब दरवाजा खटखटाया तो अंदर सिपाही और बेटी मौजूद थी। सिपाही ने पिस्टल बच्चे के सिर पर मार दी।

## एक से 31 जुलाई तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मानसून का आगाज हो चुका है। मानसून आने के साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियां उत्पन्न होती है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी संचारी रोगों से बचाव को लेकर संचारी नियंत्रण रोग अभियान और दस्तक अभियान जुलाई माह से शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगामी 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण और 17 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में सफाई एवं जलभराव निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। जिलों में मच्छरों के प्रजनन एवं घनत्व की स्थिति पर निगरानी रखी जाए। हाई रिस्क एरिया में अंतर्विभागीय सहयोग के साथ सघन वाहक और मच्छर नियंत्रण गतिविधियों पर नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएं। अभियान की मॉनिटरिंग की रूपरेखा का आंकलन किया जाए। 10 से 15 जुलाई के मध्य फ्रंटलाइन वर्कर्स के प्रशिक्षण में रोगियों की सर्विलांस के विषय में विस्तार से जानकारी दी जाए। इसके अलावा विद्यालयों में रोगों से बचाव तथा रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाए। साथ ही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। पशु बाड़ों एवं सूकर बाड़ों को आबादी से दूर स्थापित कर वहाँ सफाई की व्यवस्था की जाए।

# जिले को मिले दो प्रशिक्षु एसडीएम चित्रा-अंशुल

**सेवा का शुभारंभ...** सिपाही की बेटी चित्रा निर्वाल और मुजफ्फरनगर के ग्रामीण युवक अंशुल हिंदल ने डीएम से मिलकर संभाला चार्ज

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** साल 2022 बैच के दो पीसीएस अफसर आज जिले में पहुंचे। दोनों प्रशिक्षु एसडीएम के रूप में जिले में काम करेंगे। जिला मुख्यालय पहुंचकर दोनों प्रशिक्षु एसडीएम ने डीएम और एडीएम प्रशासन एवं एडीएम वित्त एवं राजस्व से मुलाकात भी की। इनमें से एक सिविल इंजीनियर है और दूसरा आईआईटीयन है। एडीएम प्रशासन ने बताया कि दोनों प्रशिक्षु पीसीएस अफसरों को आगामी दिनों में शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा में प्रशासनिक कार्यों का अनुभव कराया जायेगा।

एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि 19 अक्टूबर 2021 में सम्पन्न यूपीपीसीएस परीक्षा में एसडीएम पद के लिए चयनित हुए पीसीएस 2022 बैच के अधिकारी चित्रा निर्वाल और अंशुल हिंदल शासन द्वारा मुजफ्फरनगर में तैनात किये गये हैं। गुरूवार को ये दोनों प्रशिक्षु एसडीएम जिला मुख्यालय पर पहुंचे और डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के समक्ष अपनी आमद दर्ज कराई। इसके बाद दोनों प्रशिक्षु एसडीएम चित्रा निर्वाल और अंशुल हिंदल ने एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह के कार्यालय में जाकर उनसे मुलाकात की। यहां पर एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार भी इन दोनों प्रशिक्षु अफसरों से मिले। इनमें एसडीएम बनीं चित्रा निर्वाल मूल रूप से



बिजनौर जनपद के नहटौर क्षेत्र के गांव मुदफरा की निवासी हैं। उनके पिता बरन सिंह पुलिस में दिवान हैं। सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक करने के बाद चित्रा ने मेरठ में रहकर सिविल सर्विस की तैयारी की। पहले ही प्रयास में चित्रा ने यूपीएससी परीक्षा को पास कर-के परिवार और गांव का रूतबा बढ़ाया। इसके अलावा अंशुल हिंदल मूल रूप से खतौली क्षेत्र के गांव नंगलारुद्र के निवासी हैं। वो भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों से काफी प्रेरित हैं और इसी प्रेरणा ने उनको आज सिविल सर्विस के सहारे देश सेवा का अवसर प्रदान करने में सहायता की है। अंशुल ने खतौली के जैननगर स्थित केके पब्लिक

### एडीएम प्रशासन और एडीएम वित्त एवं राजस्व से की दोनों पीसीएस अफसरों ने मुलाकात

स्कूल से प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त की और इसके बाद नोएडा में रहकर अपनी पढ़ाई को पूरा किया। उनके द्वारा आईआईटी कानपुर से डाटा साइंटिस्ट की डिग्री हासिल की और इसके बाद देश सेवा के जज्बे के साथ सिविल सर्विस की परीक्षा दी। अंशुल भी पहले ही प्रयास में सफल हुए हैं। चित्रा 31वीं रैंक तथा अंशुल 49वीं रैंक पाकर पीसीएस-2022 बैच में चयनित 52 एसडीएम में स्थान पाया है।

एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों प्रशिक्षु अफसरों के लिए आगामी दिनों में यहां पर शुरू हो रही कांवड़ यात्रा प्रशिक्षण का एक अच्छा और बड़ा अवसर बनकर आ रही है। इसी कांवड़ यात्रा के दौरान इन दोनों युवा अफसरों को प्रशासनिक व्यवस्था और कानून व्यवस्था के लिए लगाया जायेगा। यह कांवड यात्रा इनको प्रशासनिक अनुभव कराने का काम करेगा और इसका इनको अच्छा अनुभव होगा।

## गांव बढ़ेडी निवासी वॉलीबॉल खिलाड़ी यश पंवार का एशियन चैंपियनशिप के लिए चयन

**साई ट्रेनिंग सेंटर रायबरेली के इंचार्ज ने पासपोर्ट अधिकारी को लिखा पत्र, 25 जून से पहले मांगा यश का पासपोर्ट**

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** एशियन वॉलीबाल फेडरेशन के तत्वावधान में होने वाली अंडर-16 एशियन चैंपियनशिप के लिए मुजफ्फरनगर के यश पंवार का चयन हुआ। कीट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में हुए ट्रायल में यश ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उसका चयन समिति द्वारा किये जाने से परिवार में खुशी का वातावरण बना हुआ है। चयन के बाद यश ने अपना तत्काल पासपोर्ट आवेदन कर दिया है।

उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 22 से 29 जुलाई तक प्रथम अंडर-16 पुरुष वॉलीबाल एशियन चैंपियनशिप का आयोजन होगा। इसके लिए भारतीय अंडर-16 पुरुष टीम का प्रशिक्षण शिविर भारतीय वालीबाल महासंघ के तत्वावधान में कीट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में सम्पन्न हुआ। इसमें गांव बढ़ेड़ी निवासी अनुज पंवार के बेटे यश पंवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप के लिए जगह बनाई। यश ने बताया कि वह साई ट्रेनिंग सेंटर रायबरेली में ट्रेनिंग ले रहे हैं और वहीं से इस प्रतियोगिता में प्रतिभा प्रदर्शन का ट्रायल के लिए भुवनेश्वर गए थे। यश के पिता अनुज पंवार यूपीएसआरटीसी में कार्यालय सहायक द्वितीय के पद पर कार्यरत हैं। वहीं यश का

### उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 22 से 29 जुलाई तक आयोजित होगी वॉलीबॉल एशियन चैम्पियनशिप

इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में भारतीय दल में चयन होने के बाद साई ट्रेनिंग सेंटर रायबरेली के इंचार्ज अभय कुमार ने क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी गाजियाबाद को गुरूवार को पत्र लिखकर वॉलीबॉल खिलाड़ी यश पंवार के चयन की जानकारी देने के साथ ही उज्बेकिस्तान जाने के लिए तत्काल पासपोर्ट जारी करने के लिए कहा है। अभय कुमार ने पासपोर्ट अधिकारी से यश के लिए वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के आदेशों का हवाला देते हुए 25 जून से पहले पहले पासपोर्ट जारी करने के लिए कहा है, ताकि समय रहते वॉलीबॉल खिलाड़ी यश पंवार उज्बेकिस्तान जाने की वीजा प्राप्त करने के साथ ही अन्य तैयारी कर सके।

## आप ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** प्रदेश के साथ जिले में बिगड़ती विद्युत आपूर्ति को लेकर आप कार्यकर्ताओं ने आवाज उठाते हुए प्रदेश व्यापी आंदोलन की कड़ी में कलेक्ट्रेट में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपे ज्ञापन में आप पदाधिकारियों ने डीएम से मिलकर जनपद स्तरीय समस्याओं को तत्काल निस्तारित कराने की मांग की।

आप के जिलाध्यक्ष अरविन्द बालियान के नेतृत्व में गुरूवार को दर्जनों कार्यकर्ता जुलूस के रूप में डीएम कार्यालय पर पहुंचे और वहां प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के साथ जिले में बिगड़ी विद्युत व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा के लोग यूपी में विद्युत व्यवस्था को लेकर गुणगान करते हुए 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है, जबकि यूपी के साथ जनपद मुजफ्फरनगर में भी विद्युत आपूर्ति का हाल जनता से छिपा नहीं है। प्रदेश में बिजली आपूर्ति ठप्प होने के कारण कुछ लोगों की



फोटो बुलेटिन डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंचे आप पदाधिकारी।

मौत हुई है, ये मौत नहीं है, बल्कि हत्या है। सरकार को इस पर जवाब देना होगा।

उन्होंने दावा किया कि अरविन्द केजरीवाल दिल्ली में जनता को बिना कटौती 24 घंटे बिजली उपलब्ध करा रहे हैं, तो यूपी में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने प्रदेश में विद्युत आपूर्ति सुधार के साथ ही जिले में जर्जर विद्युत तारों को बदलने की मांग भी की। डीएम ने भरोसा दिया कि जिला स्तरीय समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के पश्चिम प्रांत उपाध्यक्ष आकिल राणा, जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ अजय चौधरी, हसीन अहमद, अजीम खां, वैभव त्यागी, सरताज, अजय गर्ग, कुलदीप तोमर, डॉ. जावेद आदि मौजूद रहे।

## वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेज में दिए महिला सुरक्षा के टिप्स

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** गुरूवार को जनपद में मिशन शक्ति नारी सशक्तिकरण जागरूकता अभियान नई मंडी स्थित वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेजमें चलाया गया। अभियान के अंतर्गत एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र मोहन सिद्धू, महिला कास्टेबल श्वेता चौधरी, शालू, विमलेश व मिशन शक्ति कार्डिनेटर बीना शर्मा के साथ संयुक्त टीम बनाकर बालिकाओं को आत्म सुरक्षा एवं शासन द्वारा चलाए गए महिलाओं से संबंधित महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। बीना शर्मा ने छात्राओं को बताया कि यदि आप रास्ते में अकेले हो। आपको स्वयं कैसे रक्षा करनी है एवं महिलाओं को शासन द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान "चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" नारे के साथ में इस दौरान महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया। बीच छात्राओं को आत्म सुरक्षा के लिए महिला कांस्टेबल श्वेता चौधरी के माध्यम से जुडे-कराटे के छोटे-छोटे टिप्स देकर आत्म सुरक्षा के साथ तमाम महिलाओं को जागरूक किया।



## यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा 15 को

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटरमीडियट वर्ष-2023 की कंपार्टमेंट परीक्षा आगामी 15 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक की देखरेख में दो पालियों में आयोजित होगी। यह जानकारी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने गुरूवार को दी। 2023 हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट कम्पार्टमेन्ट के साथ इंटरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट की उक्त परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षाएं शनिवार 15 जुलाई को सम्पादित करायी जायेंगी। प्रथम पाली प्रातः 6 बजे से 11.15 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से सांय सवा पांच बजे तक संपन्न होगी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड

### यूपी बोर्ड सचिव ने जारी किये दिशा निर्देश, डीआईओएस गजेन्द्र सिंह ने बताया जिले में दो पालियों में कड़ी निगरानी में आयोजित कराई जायेगी परीक्षा,

प्रयागराज के सचिव की ओर से जारी निर्देशों के क्रम में हाई स्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट एवं इंटरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षाएं जिला मुख्यालय पर डीआईओएस द्वारा निर्धारित किए परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न होगी। परीक्षा केन्द्र पर इस बीच परीक्षार्थी के अलावा केन्द्र व्यवस्थापक, अध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अलावा बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाये, इसकी जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक की होगी। इसी प्रकार परीक्षा समाप्ति के पश्चात भी ऐसी व्यवस्था होगी कि परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को मोबाइल, डिवाइस व अन्य कोई प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की छूट नहीं होगी। परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के रख-रखाव की समय व्यवस्था मुख्य परीक्षा की भांति निर्धारित स्ट्रांग रूम में डबल लोकयुक्त आलमारी में ही होगी। स्ट्रांग रूम 247 दिन क्रियाशील वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। प्रश्नपत्रों के पैकेटों को केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के समक्ष कैमरे की निगरानी में खोला व वितरित किया जायेगा। परीक्षार्थी परिषद की ओर से अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड या स्कूल के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसे अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रतिहस्ताक्षरित करा, परीक्षा प्रारम्भ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर अवश्य ही पहुंच जाये, ताकि परीक्षार्थियों को सुनियोजित एवं नियंत्रित ढंग से परीक्षा कक्षों में बैठाये जाने की व्यवस्था तय करायी जा सके।

## गुप्त नवरात्र के साथ गुवाहाटी में मां कामाख्या अंबुबाची मेला शुरू, उमड़ा भक्तों का सैलाब

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** देश-विदेश में प्रसिद्ध अंबुबाची मेले की शुरूआत हो गई है। इस लोकप्रिय मेले में शामिल होने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत और तांत्रिक देश के हर कोने से आते हैं। माँ कामख्या के परम भक्त राहुल गोयल भाजपा व व्यापारी नेता ने बताया प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर आसाम प्रदेश के गुवाहाटी में स्थित है। यह 51 शक्तिपीठों में प्रमुख शक्तिपीठ माना गया है। हर साल यहां अंबुबाची मेला का आयोजन होता है। राहुल गोयल ने बताया कामाख्या मंदिर के पुजारी सुनंदा शर्मा पांडा से पता चला है। इस वर्ष अंबुबाची मेला का आयोजन आषाढ़ शुल्क मे गुप्त नवरात्रि की चतुर्थी तिथि 22 जून 2023 से 26 जून तक चलेगा। मान्यता है कि यह मेला उस वक्त लगता है जब मां कामाख्या रजस्वला मे रहती है। इसको दुनिया में माँ की शक्ति का चमत्कार माना जाता है। यहां पर माँ योनि मुद्रा में विराजमान है इस दौरान माता के



### गुवाहाटी में स्थित कामाख्या मंदिर 51 शक्तिपीठों में प्रमुख शक्तिपीठ माना गया

मंदिर के कपाट बंद हो जाते हैं और दर्शन करने की अनुमति नहीं होती है। रजस्वला समाप्ति पर चौथे दिन 26 जून को ब्रह्म मुहूर्त पर माता को स्नान आदि कराकर शृंगार एवं मंत्र उच्चारण द्वारा शुद्धि कराकर दर्शन खोल दिए जाते हैं। असम प्रांत के राज्यपाल व मुख्यमंत्री ढोल नगाड़े शांक घंटी मंत्रों उच्चारण के बीच माता के दर्शन करते हैं और देश विदेशों से आए भक्तों को माता जी के दर्शन का लाभ मिलना शुरू हो जाता है। 4 दिन अंबुबाची मेला मे माँ के नीलांचल पर्वत पर तंत्र मंत्र के साधक माता को प्रसन्न करने के लिए व सिद्धि प्राप्ति के लिए अनेकों अनुष्ठान करते हैं माँ कामाख्या के पावन धाम पर्वत को बहुत ज्यादा शुभ माना जाता है।

पूरे वर्ष माता के दर्शन के लिए भक्तों का आना जाना लगा रहता है व राजनीतिक नेता व फिल्म अभिनेता भी अपनी झोली फैलाकर मां से आशीर्वाद लेने के लिए आते रहते हैं। पिछले कई वर्षों से असम में माँ कामाख्या देवी दर्शन के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल गोयल, अमित बिंदल उद्योगपति, संजय जैन, ऋषिराज राही पत्रकार, अभिनव मोंटो, रजत अरोड़ा, रमेश अग्रवाल, नमन गोयल, हार्दिक, डॉ. आकाश संगल, संजय जिंदल, पंडित हेमनाथ शास्त्री आदि जाते रहते हैं। मान्यता है कामाख्या मां के दर्शन करने से कई जन्मों के पाप कट जाते हैं और माता भक्तों की कामना शीघ्र पूरा करती है।

## लालू के पैर छूकर निकलीं ममता बोलीं- अभी बीजेपी से लड़ सकते हैं, हम साथ लड़ेंगे

**पटना, 22 जून (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विपक्षी एकता के लिए बुलाई गई बैठक के लिए पटना आईं तो राजद अध्यक्ष से मिलने पहुंच गईं। मिलने के बाद उन्होंने लालू की सेहत और जज्बे पर खुलकर चर्चा की।

ममता बनर्जी ने कहा- "लालू प्रसाद देश में काफी सीनियर लीडर हैं। वे बहुत दिन जेल में थे। उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। लेकिन, आज उनसे बात कर लगा कि लालूजी अभी भी बहुत तगड़े हैं और बीजेपी से लड़ सकते हैं।" ममता बनर्जी ने पुराने दिनों की याद भी ताजा की। उन्होंने बताया- "एक दिन लालूजी संसद में भाषण दे रहे थे रहे थे। हम तब एमपी थे। प्याज-आलू का भाव बढ़ गया था। लालूजी बोल रहे थे, हमने कहा- राबड़ीजी का भाव क्या है? लालू जी ने कहा कि सबसे ज्यादा भाव है राबड़ीजी का।" पश्चिम बंगाल सीएम ने विपक्षी दलों की शुक्रवार को होने वाली बैठक के बारे में भी बात की।

## डाटा अपडेट न होने से बढ़ी जिले के मेधावियों की परेशानी

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की अंक तालिका जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण जिला मुख्यालय पर स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बीते दिनों पहुंच गई है। मगर, डाटा अपडेट न हो पाने के कारण अभी तक जनपद के कई विद्यालय प्रमाण पत्रों को कार्यालय में लेने ही नहीं आए। इस मामले में बड़ी खामी यह भी है कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से अभी तक भी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के पोर्टल पर इन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड अपडेट नहीं किए जा सके हैं। डाटा अपडेट होने के बाद ही इन्हें शिक्षा विभाग से उक्त अंक तालिका दी जाएगी।

### जिले के 25 विद्यालयों की 10वीं 12वीं की अंक तालिका बोर्ड के दफ्तर में अटकी

ऑनलाइन प्रक्रिया में किसी तरह की अनदेखी लंबे समय तक दबाई नहीं जा सकती। इसकी जद में आने से परेशानी बढ़ सकती है। जनपद मुजफ्फरनगर की बात करें, तो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में माध्यमिक विद्यालयों की ओर से अभी भी करीब 25 विद्यालयों की उक्त अंक तालिका तमाम प्रयासों के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर ही रखी हुई हैं। इन विद्यालयों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण पोर्टल पर इन तमाम छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड अपडेट किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। आधार अपडेट होने के बाद ही इन्हें अंक तालिका दी जाएगी। बता दें, यूपी बोर्ड की हाईस्कूल में 32,412 के सापेक्ष 30,782 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। वहीं इंटरमीडिएट में 28,880 के सापेक्ष 25,222 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

## जेडी स्वास्थ्य ने निरीक्षण कर जाना चिकित्सालय में व्यवस्थाओं का हाल

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** सहारनपुर मंडल की अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा डॉ. ज्योत्सना वत्स ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को परखा और यहां पर मरीजों को मिल रही सुविधाओं का सच जाना। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के अलावा ब्लड बैंक एवं एनआरसी में मिल रही तमाम व्यवस्थाओं को नजदीक से देखते हुए स्वास्थ्य विभागीय अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप व्यवस्थाओं में ओर बेहतर किए जाने के भी निर्देश दिए।

गुरूवार को सहारनपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ. ज्योत्सना वत्स जिला अस्पताल पहुंची, जहां उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र, क्रीड़ा कक्ष समेत रेडियोलॉजी विभाग का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ चिकित्सकों से यहां दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत करने के साथ उनका हाल भी जाना। अपर निदेशक ने जिला चिकित्सालय के वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था को भी परखने के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति जांची। इस दौरान उन्होंने एनआरसी में भर्ती बच्चों का समुचित उपचार के बारे में भी जानकारी ली। अपने निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य ने रेडियोलॉजी विभाग के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर को चेक किया। अपर निदेशक के उक्त निरीक्षण के बीच दोपहर 12.40 बजे तक जिला अस्पताल में 80 मरीजों के एक्स-रे व 18 मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए जा चुके थे। उन्होंने निरीक्षण के बीच में मिली कुछ खामियों को लेकर सीएमएम डॉ. राकेश कुमार को सुधार के लिए निर्देशित किया। साथ ही और भी बेहतर व्यवस्था किए जाने के उन्हें निर्देश दिया। मुख्य रूप से सीएमएस डॉ. राकेश कुमार, फार्मासिस्ट हारूण, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. संजीव कुमार लांबा एवं अखिलेश त्यागी आदि मौजूद रहे।

## भट्टा मजदूरों ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** ईंट भट्टा कामगार यूनियन की जिला इकाई ने खतौली क्षेत्र के ग्राम निजामपुर स्थित भट्टे पर मजदूरों का बकाया भुगतान एवं शासनादेश के अनुरूप मजदूरी न दिए जाने के आरोप लगाते हुए डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे इन मजदूरों ने डीएम के नाम सौंपे गए ज्ञापन में निर्धारित मजदूरी को दिलाने की मांग की।

गुरूवार को ईंट भट्टा कामगार यूनियन की जिला इकाई ने सुभाष उपाध्याय के नेतृत्व में डीएम दफ्तर पर पहुंच भट्टा मजदूरों के उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाते हुए धरना दिया। धरने पर बैठे भट्टा मजदूरों ने आरोप लगाया कि खतौली क्षेत्र के निजामपुर में स्थित विशाल ब्रिक्स फील्ड नामक भट्टा मालिक वहां पर काम कर रहे भट्टा मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं कर रहा है। इसके साथ ही भट्टा मालिक शासनादेश के अनुरूप मजदूरी नहीं दे रहा है। उनका आरोप है कि भट्टे पर कई दिनों से काम बंद हो जाने के बाद भी उनकी मजदूरी के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। अपनी लंबित मांगों को लेकर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए इन मजदूरों ने धरना दिया। इस दौरान प्रमोद, भूषण, मनोज, विनीत, देवदत्त, करेशन, शीशपाल, श्रवण, रानू, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन मिशन पर इसरो और नासा में सहमति


**वॉशिंगटन, 22 जून (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस ने गुरुवार को कहा कि भारत ने 'आर्टेमिस समझौते' में शामिल होने का फैसला किया है जो समान विचारधारा वाले देशों को नागरिक अंतरिक्ष खोज के मुद्दे पर एक साथ लाता है। अमेरिका के राष्ट्रपति भवन ने यह भी कहा कि नासा व इसरो 2024 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक संयुक्त मिशन पर सहमत हुए हैं।

ओवल ऑफिस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच होने वाली बैठक से पहले एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि भारत आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर कर रहा है, जो मानव जाति के लाभ के लिए अंतरिक्ष खोज के लिए एक साझा दृष्टिकोण (विजन) को आगे बढ़ाता है। 'आर्टेमिस समझौते' 1967 की बाहरी अंतरिक्ष संधि (ओएसटी) पर आधारित हैं। यह 21वीं सदी में नागरिक अंतरिक्ष खोज का मार्गदर्शन करने के लिए डिजाइन किए सिद्धांतों का एक गैर-बाध्यकारी सेट है।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**70 वर्ष पूर्व जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन**



**नई दिल्ली, 22 जून (वार्ता)।** भारत एवं विश्व के इतिहास में 23 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः-1661-ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स द्वितीय का पुर्तगाल की राजकुमारी से विवाह हुआ और पुर्तगाल ने दहेज के रूप में बम्मई (मुंबई) को ब्रिटेन को सौंप दिया। 1757-प्लासी की लड़ाई में अंग्रेजों को हाथों सिराजुद्दौला की पराजय। 1761-मराठा शासक पेशवा बालाजी बाजीराव का निधन। 1810-बॉम्बे के डंकन डॉक का निर्माण पूरा हुआ। 1868-क्रिस्टोफर एल शोल्स को टाइपराइटर के लिए पेटेंट मिला। 1953-जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन। 1956-जमाल अब्दुल नासिर मिस्र के राष्ट्रपति चुने गए। 1960-जापान और अमेरिका के बीच सुरक्षा समझौता। 1980-पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी की विमान दुर्घटना में मौत। 1985-एयर इंडिया का एक यात्री विमान आयरलैंड तट के समीप हवा में दुर्घटनाग्रस्त, 329 यात्रियों की मौत। 1992-न्यूयॉर्क के अपराध जगत के सरगना और क्षेत्र के सबसे बड़े माफिया परिवार के प्रमुख गोत्ती को धोखाधड़ी और हत्या के पांच मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई गई। 1994-उत्तरी कोरिया द्वारा परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने की घोषणा। 2008-भारत की प्रमुख टायर कंपनी जेके टायर इंडिया ने मैक्सिको की टायर कंपनी टोर्नल का अधिग्रहण किया। 2013-निक वाल्लेंडा अमेरिका ग्रांड कैनयॉन की पहाड़ी को रस्सी पर चलकर पार करने वाले पहले व्यक्ति बने। 2014-गुजरात का रानी की वाव व हिमाचल का ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क विश्व धरोहर सूची में शामिल हुआ। 2016-ब्रिटेन के लोगों ने यूरोपीय संघ से अलग होने के पक्ष में वोट दिया।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 22 जून, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

| | |
|---|---|
| सोना- 60,300 | चांदी-70,000 |
| सिक्का- 800 | गिन्नी- 45,500 |

### आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 23 जून, 2023**

**मेष-** कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में सफलता का मार्ग प्रशस्त, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने की ओर, राजनीतिक गतिविधियों की ओर रुझान।
**वृषभ-** समस्याओं से चिन्ता, भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, आत्मीयजनों से अनबन होने की आशंका, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, आरोग्य सुख कम, विरोधी प्रभावी।
**मिथुन-** शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, पुराने विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।
**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल होने की ओर, कार्य व्यवसाय में विस्तार व नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत।
**सिंह-** बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, साहसिक प्रयास प्रगति पर, निराशा का समापन, व्यक्तित्व का विकास, अध्यावसाय की ओर रुझान, आपसी सद्भाव, यात्रा।
**कन्या-** सामयिक कार्यों में प्रतिकूलता, पत्नी के स्वास्थ्य की चिन्ता, पत्नी के स्वास्थ्य की चिन्ता, बनी बनाई योजना किसी कारणवश अधूरी, भौतिक सुख का अभाव।
**तुला-** वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, उच्चाधिकारियों का सम्पर्क लाभदायी, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने को, यश-मान-प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न।
**वृश्चिक-** धर्म अध्यात्म की ओर रुचि, मनोनुकूल कार्यों में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, भौतिक सुख शांति का वातावरण, संभावित यात्रा सकुशल।
**धनु-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।
**मकर-** समस्याओं से चिन्ता, कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में असफलता, प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना, विचारों में उग्रता।
**कुम्भ-** आथक-व्यावसायिक प्रगति हेतु नव-प्रयास सार्थक, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त।
**मीन-** किसी समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, व्यापार में विस्तार व परिवर्तन की योजना फलीभूत, परिवार में धामक कृत्य सम्पन्न।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

